रजिस्ट्रेशन S 37987/2000

अखिल भारतीय विश्वकर्मा विराट संघ(पजी)

केन्द्रीय कार्यालय-ए-2/20, कोठी पश्चिम विहार, नई दिल्ली-110063

yashpalpanchal1953@gmail.com, abvvsangh2000@gmail.com

वी के विश्वकर्मा	यशपाल पांचाल	प्रमोद कुमार धीमान
राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष	राष्ट्रीय वरिष्ठ महामंत्री	राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष
06261439997	09711111507	09811135925

पत्रांक संख्या ABVVS/06/2020 दिनाकं_02/06/2020

श्रीमान अरविंद केजरीवल जी
माननीय मुख्यमंत्री, दिल्ली
तृतीय तल, दिल्ली सचिवालय
आई पी स्टेट, नई दिल्ली 110002

विषय- <u>नार्थ दिल्ली नगर निगम के पर्यावरण प्रबंधकीय सेवाएं विभाग में कार्यरत जूनियर इंजीनियर के पद पर सेवा देते हुए स्व श्री अरविंद कुमार पांचाल की कोरोना संक्रमण से हुयी मौत के कारण मृतक के परिजनों को सहायता राशि और परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने के सम्बंध में ।</u>

महोदय

स्व श्री अरविंद कुमार पांचाल पुत्र श्री श्याम सिंह निवासी B-834 MIG Flats, पूर्वी लोनी रोड, शहादरा दिल्ली- 110094 नार्थ दिल्ली नगर निगम DEMS के अंतर्गत श्यामा प्रसाद मुखर्जी भवन सिविक सेंन्टर मुख्यालय के सेंन्ट्रल कंट्रोल रूम में कार्यरत थे ! यह सेंन्टर सरकार के COVID-19 अभियान को लेकर स्थापित किया गया था ! लाकडाउन लागू होने के बाद जब अधिकतर लोग अपने घरों में सुरक्षित रहे तब स्व श्री अरविंद कुमार पांचाल कोरोना की लडाई में कोरोना वारियर के रूप में कोविड-19 के लिये बनाये कंट्रोल रूम में अपनी सेवाएं दे रहे थे ! स्व श्री अरविंद कुमार पांचाल कब कोरोना संक्रमित हो गये उन्हें पता भी नहीं चला ! संक्रमित होने के बाद उन्हें लेडी हार्डिंग अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान ही उनकी मृत्यु हो गयी ! दूसरों को महामारी से बचाने के लिए प्रतिबद्धता और सेवा भाव से कोविड -19 के लिये बने कंट्रोल रूम में कार्य करते हुए वह अपने जीवन की लडाई हार गया !

विश्वकर्मा समाज के योद्धा स्व श्री अरविंद कुमार पांचाल जूनियर इंजीनियर ने नार्थ दिल्ली नगर निगम में महामारी से सरकारी बचाव कार्य में अपनी सेवाएं देते हुए अपनी शहादत दी है ! आपसे अनुरोध है कि कोरोना महामारी के समय आपातकालीन सेवा में नार्थ दिल्ली नगर निगम में काम करते हुए कोरोना संक्रमण के कारण अपनी जान गँवाने पर मृतक स्व श्री अरविंद कुमार पांचाल के परिजनों को एक करोड़ की सहायता राशि व परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए । आप की अति कृपा होगी ।

धन्यवाद सहित ।

प्रार्थी

यशपाल पांचाल

(यशपाल पांचाल)
राष्ट्रीय वरिष्ठ महामंत्री 09711111507